संसद सदस्यों ने संसद पर आतंकवादी हमले की बरसी के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

...

नई दिल्ली; 13 दिसंबर, 2023: भारत के उप राष्ट्रपति एवं सभापति, राज्य सभा श्री जगदीप धनखड़; प्रधान मन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी; एवं लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में आज राष्ट्र ने 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर अनेक केन्द्रीय मंत्रियों; संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, शहीदों के परिवार के सदस्य तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव श्री पी. सी. मोदी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्मरणीय है कि वर्ष 2001 में इसी दिन राज्य सभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक, श्री जगदीश प्रसाद यादव और श्री मातबर सिंह नेगी; के.रि.पु.ब. में कांस्टेबल, श्रीमती कमलेश कुमारी; दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक, श्री नानक चंद और श्री रामपाल; दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल, श्री ओम प्रकाश, श्री विजेंद्र सिंह और श्री घनश्याम; तथा कें.लो.नि.वि. में माली, श्री देशराज ने आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था।

सर्वश्री जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और श्रीमती कमलेश कुमारी के नि:स्वार्थ बलिदान के सम्मान में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से अलंकृत किया गया था। सर्वश्री नानक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से अलंकृत किया गया था।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अपने ट्विटर संदेश में लिखा, “संसद भवन परिसर में आतंकी हमले के दौरान लोकतंत्र के इस सर्वोच्च मंदिर की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों और संसदीय कर्मचारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता का जो उदाहरण उन्होंने प्रस्तुत किया, वह देशवासियों के लिए वंदनीय है।”